प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.08.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

तलाशी अभियान

प्रदेश के शिमला, मंडी और कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद से लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन आज छठे दिन भी जारी है। मानसून सीजन में अब तक प्रदेश में हुई प्राकृतिक आपदा से 87 लोगों की मौत हो चुकी है। 31 जुलाई को प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला जिला में बादल फटने की घटनाओं में अब तक कुल 15 लोगें के शव बरामद किए जा चुके हैं। मंडी के पधर राजबन में 8 और कुल्लू के निरमंड में 2 लोगों के शव मिल चुके हैं जबकि रामपुर के समेज में चल रहे सर्च ऑपरेशन में अब तक 5 लोगों के शव मिल चुके हैं, लेकिन इनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। समेज त्रासदी में लापता 36 लोगों की शिनाख्त के लिए परिजनों के डीएनए सैंपल लिए गए हैं। डीएनए मैचिंग के बाद ही शवों की शिनाख्त हो पाएगी। प्रदेश में 50 लोग अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश जारी है।

वहीं कुल्लू जिला के मलाणा से 15 स्थानीय लोगों को सुरक्षित निकाला गया जबकि 11 पर्यटकों को रैस्क्यू कर सुरक्षित कसोल पहुंचाया गया है। एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने बताया कि इन पर्यटकों की रहने व खाने की व्यवस्था कसोल में ही की गई है। इस बीच मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज शिमला के अन्नाडेल के समीप ग्लेन में पौधरोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित होंगे। इसके पश्चात वे सांय राजभवन से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए राहत सामग्री से भरे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

बल्क ड्रग पार्क

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ऊना जिले के हरोली में बनने वाले बल्क ड्रग पार्क में अवसंरचना विकास के लिए 50 करोड़ रुपये जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने कल शिमला में उद्योग विभाग की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि बल्क ड्रग पार्क का समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने निर्माण से संबंधित सभी विभागों और एजेंसियों को समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना में स्थल विकास, सड़कें, डिस्चार्ज ट्रीटमैंट संयंत्र, भाप उत्पादन, डक्टिंग सहित विभिन्न संरचनाओं का विकास कार्य किया जाना है।

मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग की अन्य विभिन्न परियोजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की तथा निविदा, वित्तीय संसाधन, भूमि हस्तांतरण आदि मामलों को लेकर तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि विकासात्मक परियोजनाओं का लाभ समयबद्ध आम लोगों को सुनिश्चित किया जा सके।

सिकंदर

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि वर्ष 2012 में शुरू हुई नई रौशनी योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में पांच सौ लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। सांसद सिकंदर कुमार द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नई रौशनी योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में योजना के संचालन के तीन वर्षों के दौरान कार्यान्वयन भागीदारों को अनुदान के रूप में तीन लाख रूपए की राशि जारी की गई थी। सिकंदर कुमार द्वारा पूछे गए एक अन्य सवाल के जवाब में सूक्ष्म लघू और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करांदलाजे ने बताया कि पीएमईजीपी योजना के तहत केंद्र सरकार ने और अधिक रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए विनिर्माण क्षेत्र में स्वीकार्य अधिकतम परियोजना लागत 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख रूपए कर दी है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मानसून की सक्रियता जारी है और बीती रात भी कई जगह पर वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अगले 48 घंटे में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी रहने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि आज और कल मंडी, कांगड़ा व हमीरपुर में भारी बारिश के आसार हैं जबकि 7 व 8 अगस्त को कांगड़ा, हमीरपुर, चंबा व कुल्लू में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है, जिसके लिए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया कि अभी तक प्रदेश में मानसून सीजन में सामान्य से 30 प्रतिशत तक कम वर्षा हुई है। प्रदेश के लगभग सभी क्षेत्रों में सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से——————

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। अमर उजाला मुख्यमंत्री के हवाले से लिखता है हिमाचल के अस्पतालों में कैंसर मरीजों को निशुल्क मिलेंगी 42 तरह की दवाएं। पंजाब केसरी का शीर्षक है हिमाचल में कैंसर रोगियों का होगा फ्री इलाज। दैनिक जागरण व हिमाचल दस्तक के एक जैसे शब्द हैं हिमाचल में होगा कैंसर रोगियों का निशुल्क उपचार। दैनिक भास्कर के अनुसार प्रदेश में बढ़ रहे कैंसर के मामले—देश में दूसरे नंबर पर पहुंचा हिमाचल।

अब खड्डों–नालों के समीप नहीं बनेंगे घर शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य बोले, दस मीटर के दायरे में निर्माण पर होगी कार्रवाई।

अमर उजाला की एक खबर है सीपीएस की पत्नी के टिपर व पोकलेन का चालान, 75 हजार जुर्माना वसूला। इसी पत्र के अनुसार आपदा राहत कार्यों को लेकर शांता कुमार ने फिर की सूक्खू की तारीफ।

आपदा प्रभावितों पर पंजाब केसरी की सुर्खी है सुन्नी डैम से 2 और शव बरामद, राजबन में लापता 2 लोगों का नहीं लगा सुराग। आपका फैसला का कहना है प्रदेशभर में 45 लोग अभी भ लापता, सुन्नी में मिले दो शव।

हिमाचल को दीजिए यूरेनियम उपचार संयंत्र शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है हमीरपुर, शिमला, मंडी व ऊना जिला में भारी धातु के भंडार मिलने के बाद उठने लगी मांग।

मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है 5 जिलों में जमकर बरसा मानसून, 75 सड़कें और 68 ट्रांसफार्मर ठप, 11 तक भारी बारिश।